बरेली, शनिवार
1 मार्च, 2025
नगर संस्करण

# दैनिक जागरण


**PAGE NO IV BOTTOM**

# एसआरएमएस के ट्रेनिंग डवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल में हुई कार्यशाला

बरेली : श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी के ट्रेनिंग डवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा चार दिवसीय वर्कशाप का आयोजन नेटकेम्प साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के विशेषज्ञ द्वारा आयोजित किया गया था। नेटकैंप के डायरेक्टर शांतु पुरकैत ने छात्र-छात्राओं को एंड्रायड एंड एथीकल हैकिंग के बारे में बताया।

वर्कशाप में नेटकेम्प साल्यूशन कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञों ने "नेटवर्किंग एंड एथिकल हैकिंग एंड एंड्रायड एप्लीकेशन डेवलपमेंट" की उपयोगिता के बारे में सिखाया। व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया और सभी के प्रश्नों का संतोषजनक जवाब दिया। कार्यशाला में श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी और श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी रिसर्च के बीटेक तृतीय वर्ष और एमसीए अंतिम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान डा. अनुज कुमार, अरविंद मिश्रा, रिया रेजी आदि रहे।